प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 01.09.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— देशभर में आज से शुरू हुआ राष्ट्रीय पोषण माह।

2— भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान कल से होगा शुरू—छत्तीसगढ़ में तीन सितंबर से चलाया जाएगा अभियान।

3— छत्तीसगढ़ का लोकपर्व पोला कल प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

4— आगामी चौबीस घंटों के दौरान बीजापुर जिले में एक—दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी।

**राष्ट्रीय पोषण माह**

देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुजरात के गांधीनगर से पोषण माह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों और किशोरों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और जीवनचक्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करके कुपोषण की

समस्या से निपटने पर जोर दिया। उन्होंने चार स्तंभों – सुशासन, अभिसरण, क्षमता निर्माण, सामुदायिक भागीदारी और स्वामित्व पर भी जोर दिया। सातवां राष्ट्रीय पोषण माह – एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी और एक पेड़ मां के नाम अभियान पर केंद्रित होगा।

**साक्षरता सप्ताह**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लागू किए गए 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज से आठ सितम्बर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, अंतिम दिन आठ सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया कि साक्षरता सप्ताह के दौरान जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ–साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**भाजपा–सदस्यता अभियान**

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान कल दो सितंबर से शुरू होगा। वहीं, छत्तीसगढ़ में यह अभियान तीन सितंबर से चलाया जाएगा। भाजपा ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सदस्यता अभियान को लेकर कल प्रदेश के सभी पांच संभागों में संभाग स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में बताया गया कि दो सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और तीन सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सबसे पहले सदस्यता दिलाकर इस अभियान की शुरूआत करेंगे।

बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भाजपा के विस्तार और मजबूती के लिए ज्यादा–से–ज्यादा सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के सभी जिला, मंडल, मोर्चा और प्रकोष्ठों को सदस्यता का निर्धारित लक्ष्य पूरा करने को कहा गया है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीते आठ–नौ महीने में राज्य सरकार ने जो काम किए हैं, उसे लोगों को बताकर उन्हें पार्टी से जोड़ा जाएगा।

## एनआईए–जांच

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने गरियाबंद जिले में दो हजार तेईस के विधानसभा चुनाव के दौरान हुए आईईडी विस्फोट मामले में कल कई स्थानों पर जांच की। एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर बताया कि यह विस्फोट माओवादियों द्वारा उस समय किया गया था, जब मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों का एक काफिला सत्रह नवंबर को मतदान के बाद बड़ेगोबरा गांव से लौट रहा था। एनआईए के बयान में कहा गया है कि हमले में आईटीबीपी का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया था। इसी मामले में एनआईए की टीम ने कल मैनपुर पुलिस थाना के अंतर्गत छोटेगोबरा गांव के माओवाद प्रभावित इलाके में नौ संदिग्ध लोगों के ठिकानों की तलाशी ली। इस दौरान कई मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं।

## आरक्षक–निलंबित

गांजा तस्करों की सहायता करने के आरोप में सक्ती जिले के आरक्षक किशोर साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने उन्हें निलंबित कर दिया है। आरक्षक पर आरोप है कि उसने पुलिस छापेमारी से बचाने गांजा तस्करी करने वाले गिरोह की मदद की। इसकी जानकारी होने पर आरक्षक को गिरफ्तार किया गया।

वहीं, मानपुर की तहसीलदार संध्या नामदेव को ट्रैक्टर चालक की पिटाई करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

**<u>अफीम–आरोपी गिरफ्तार</u>**

रायपुर की सिविल लाईन पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम के साथ पंजाब के रहने वाले एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो किलो से अधिक अफीम बरामद की गई है। जब्त अफीम की कीमत करीब बत्तीस लाख रूपये बताई गई है।

**<u>कांग्रेस नेता–खुदकुशी</u>**

जांजगीर–चांपा जिले के बोंगापार गांव में कांग्रेस नेता पंचराम यादव ने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार परिवार के सभी सदस्यों ने बीते तीस अगस्त को घर पर बाहर से ताला लगाकर जहर खा लिया। इन सभी को उपचार के लिए बिलासपुर लाया गया। इस दौरान एक व्यक्ति की सिम्स में और परिवार के अन्य तीन सदस्यों की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता पंचराम यादव अपने बेटों के साथ मिलकर ठेकेदारी का काम करते थे और फेब्रिकेशन की दुकान चलाते थे। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

**चक्रधर समारोह आमंत्रण**

रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव से आज मुलाकात कर उन्हें रायगढ़ में आयोजित होने जा रहे उनतालीसवें चक्रधर समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

गौरतलब है कि चक्रधर समारोह सात से सोलह सितम्बर तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में पद्मश्री हेमा मालिनी नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति देंगी और समापन समारोह में डॉक्टर कुमार विश्वास कविता पाठ करेंगे। समारोह के दौरान देशभर से पहुंचने वाले नामी कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

**आईटीबीपी–स्वास्थ्य शिविर**

मोहला–मानपुर जिले में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी और जिला पुलिस द्वारा माओवाद प्रभावित मानपुर कुंजकन्हार गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आदिवासियों, स्कूल और आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई और जरूरतमंदो को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस शिविर में

कुंजकन्हार सहित जालवाही और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

## कांग्रेस/एनएसयूआई–प्रदर्शन

प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं और उनकी सुरक्षा को लेकर कांग्रेस, तीन सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन करेगी। इससे पहले, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता आयोजित कर विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए राज्य सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। श्री बैज ने रायपुर में एक अधेड़ महिला और दुर्ग में चार वर्षीय एक बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया।

इधर, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन–एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में दुष्कर्म की घटनाओं और बढ़ते अपराध के विरोध में कल शाम मशाल रैली निकाली।

## ओपी चौधरी–ड्रोन ट्रेनिंग अकादमी

वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कल नवा रायपुर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी में एक निजी संस्था के सहयोग से स्थापित आईटीएम ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आईटीएम ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी, छत्तीसगढ़ की पहली ड्रोन ट्रेनिंग एकादमी होगी, जो सात दिनों के प्रशिक्षण के बाद ड्रोन

दीदी और ड्रोन पायलट तैयार करेगी। प्रशिक्षण लेने वाले ये लोग डीजीसीए सर्टिफाइड पायलट कहलाएंगे।

## रेलवे–महिला टिकट जांच

रेलवे ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर–कोरबा –बिलासपुर एक्सप्रेस में आज से टिकट जांच का जिम्मा महिला टीम को सौंप दिया है। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि इस पहल से न केवल महिलाओं को अपने कौशल और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी।

## शालेय क्रीडा प्रतियोगिता

चौबीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने आज अंबिकापुर में किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी पांच सभागों के आठ सौ साठ खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और गतका खेल के आयोजन किए जाएंगे। चार सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अलग–अलग वर्गों में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## पोला पर्व

छत्तीसगढ़ का लोकपर्व पोला कल प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पोला त्यौहार, कृषि संस्कृति में पशुधन के महत्व को दर्शाने वाला पर्व है। इस दिन किसान अपने बैलों की पूजा–अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। इसके अलावा पोला पर्व पर बैल दौड़ का आयोजन भी होता है। पोला पर्व को लेकर रायपुर सहित विभिन्न स्थानों में बाजार भी सज गए हैं। बाजारों में मिट्टी के बैल जोड़ी सहित अन्य आकर्षक खिलौने नजर आ रहे हैं।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान बीजापुर जिले में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, दंतेवाड़ा, सुकमा और नारायणपुर जिले में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आइडियाज फॉर लाइफ में सुझाव भेजने की समय सीमा पंद्रह सितंबर से बढ़ाकर पंद्रह अक्टूबर कर दी है।

–  राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कल जांजगीर–चांपा जिले के भारतीय कुष्ठ निवारण संघ सोंठी आश्रम कात्रेनगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विधाभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।